# 27 पत्र लेखन
## (Letter Writing)

### हम क्या जानेंगे

पत्र लेखन तथा इसके प्रकार, पत्र लेखन के लाभ तथा इनसे संबंधित आवश्यक बातें और पत्र लेखन की विधि।

### चलें पाठ की ओर


सहज एवं प्रभावी विषय प्रवेश

- गाँव में पापा को अपने बचपन के मित्र चंदू काका का हाल-चाल जानना है, वे मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल नहीं करते? वे क्या करेंगे?
- 'पापा की तबीयत खराब है' उन्हें आज ऑफ़िस से छुट्टी लेनी है, पापा क्या करेंगे?
- 'मम्मी को बैंक से नई चैकबुक चाहिए' वे बैंक जाकर क्या करेंगी?

**शिक्षण-संकेत–** बच्चों से प्रश्न पूछते हुए पत्रों के महत्व पर चर्चा करें और उन्हें पाठ की ओर ले चलें।

## पाठ

अपने विचारों को लिखित रूप में अपने परिजनों (माता-पिता एवं अन्य संबंधियों), मित्रों तथा अधिकारियों तक भेजना ही **'पत्र लेखन'** है।




### पत्रों के प्रकार

**पत्र दो प्रकार के होते हैं–**

1. **अनौपचारिक पत्र–** परिजनों (माता-पिता एवं अन्य संबंधियों), मित्रों, शुभचिंतकों को लिखे जाने वाले पत्र **'अनौपचारिक पत्र'** कहलाते हैं।
2. **औपचारिक पत्र–** प्रधानाचार्य एवं अन्य अधिकारियों को लिखे जाने वाले पत्र **'औपचारिक पत्र'** कहलाते हैं।

## अनौपचारिक पत्र के कुछ उदाहरण–

**1. आपका छोटा भाई हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसको यह बताते हुए पत्र लिखें कि इस बार उसके लगाए आम के पेड़ पर बौर (पीले-पीले फूलों के गुच्छे) आ गया है और ज वह गरमी की छुट्टियों में घर लौटेगा, तो उसे इस पर आम लगे मिलेंगे।**

कक्षा/परीक्षा भवन

अ ब स स्कूल

क ख ग नगर

दिनांक– ..../..../........

प्रिय भाई,

शुभाशीष! हम सब यहाँ कुशल हैं और आशा करते हैं कि तुम भी सकुशल होगे। विश्वास है कि तुम्हा पढ़ाई भी ठीक प्रकार से चल रही होगी। मैं इस पत्र द्वारा तुम्हें एक ऐसी खबर देने वाला हूँ, जिसे सुनक तुम खुशी से झूम उठोगे।

जानते हो, तुम्हारे द्वारा लगाया गया आम का पेड़ इस बार बौर से भर गया है। इस पर पीले-पी फूल बहुत मनमोहक लग रहे हैं। सूरज की किरणें जब इन फूलों पर पड़ती हैं, तो देखकर आनंद अ जाता है। जब तक तुम्हारी गरमी की छुट्टियाँ शुरू होंगी, तब तक इस पर आमियाँ लदी होंगी। इस बा हम जामुन और अमरूद का पौधा भी लगाएँगे। हम तुम्हें लेने के लिए 20 मई को हॉस्टल आ जाएँगे।

हम सब की ओर से तुम्हें परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ। हम सबको भरोसा है कि तुम इस बार भ अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होगे। अपनी सेहत का ध्यान रखना।

तुम्हारा भाई

य र ल

**2. आपको हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस खुशखबरी को सुनाते हुए अपनी माता जी को पत्र लिखिए।**

कक्षा/परीक्षा भवन

अ ब स स्कूल

क ख ग नगर

दिनांक– ..../..../........

पूजनीया माता जी,

चरण स्पर्श! मैं यहाँ कुशल हूँ और आशा करता हूँ कि घर में भी सब कुशल होंगे। मैं यह पत्र आपको एक खुशखबरी सुनाने के लिए लिख रहा हूँ। आपके और पिता जी के आशीर्वाद से मैंने ज़िला स्तरीय हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अनुक्रमांक– .....

2. बच्चों के समूह 'बाल-मंडल', सेक्टर-35, अ ब स नगर की ओर से अपनी नगर पालिका के अध्यक्ष को पत्र लिखिए, जिसमें पार्क को सही करवाने का अनुरोध किया गया हो।

बाल-मंडल

सेक्टर –35, अ ब स नगर

दिनांक– ..../..../........



सेवा में

श्रीमान नगर पालिका अध्यक्ष

अ ब स नगर

**विषय – पार्क को सही करवाने हेतु पत्र।**

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि हमारे सेक्टर-35 के पार्क की दशा बहुत खराब है। इसके लगभग सभी झूले टूट चुके हैं। टूटे झूलों से बच्चों को अकसर चोट लग जाती है। यहाँ घास भी बहुत बड़ी हो गई है। पार्क के किनारे-किनारे खड़े पेड़ व पौधे भी पानी के बगैर मुरझाए-से लगते हैं। पार्क की ऐसी दशा देखकर हमारे मम्मी-पापा हमें पार्क में नहीं आने देते।

आपसे अनुरोध है कि कृपया पार्क की दशा को सुधारने के लिए उचित कदम उठाएँ। इसके लिए बाल-मंडल के सभी बच्चे आपके आभारी रहेंगे।

सधन्यवाद

भवदीय

सभी बच्चे